an>

Title: Need to expedite the construction of road from Kanjoke to Chumar in Ladakh.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर)**: उपाध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा लद्दाख में बनाए जा रहे करजोक से चुमार तक सीमा सड़क के निर्माण के संबंध में बोलने जा रही हूं।**

हमारे माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान उनके अधीनस्थ सीमा प्रबन्धन विभाग द्वारा लद्दाख में बनाए जा रहे सड़क कारजोक से चुमार तक की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं। यह सड़क सामरिक दृष्टि से अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है एवं यह वही चुमार क्षेत्र है, जहां विगत वर्षों में सीमा का उल्लंघन चीन द्वारा कई बार किया जा चुका है। सामरिक दृष्टि से इतने महत्वपूर्ण क्षेत्र की सड़क का निर्माण कार्य विगत दो वर्षों से लंबित है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सड़क उस क्षेत्र के लिए एक जीवन-रेखा है, इसके बावजूद गृह मंत्रालय ने विगत दो वर्षों से इस पर ध्यान नहीं दिया है। यह सड़क ब्यूरोक्रेटिक हर्डल में फंसी हुई है। कभी इस सड़क के निर्माण से संबंधित मामला गृह मंत्रालय के अन्तर्गत गठित सब-कमेटी में रेफर किया जाता है तो कभी टेक्नीकल कमेटी में। एक एच.एल.ई.सी. भी गठित है, जो प्रोजेक्ट को अंतिम रूप से गो-अहेड देती है। पिछले दो वर्षों से यह मामला लटका पड़ा है और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस सड़क के निर्माण से संबंधित मामले को निपटाया नहीं जा रहा है।

मैं माननीय मंत्री महोदय से आग्रह करती हूं कि इस सड़क के निर्माण कार्य में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर कर अविलम्ब प्रारम्भ कराने का प्रयास करें तथा इस संबंध में लिए गए आवश्यक निर्णय से हमें अवगत कराएं।